कोटा को बनाएंगे मेडिकल हब, चिकित्सा सेवाओं में अग्रणी होगा शहर : ओम बिरला

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बीमारी के समय व्यक्ति शारीरिक और आर्थिक दोनों रूप से प्रभावित होता है। हमारा संकल्प है कि आने वाले वर्षों में कोटा-बूंदी क्षेत्र के प्रत्येक मरीज को सस्ती और सुलभ चिकित्सा उपलब्ध हो सकें। इसी दिशा में लगातार कार्य हो रहा है।

कोटा को मेडिकल हब के रूप में विकसित करेंगे शीघ्र ही कोटा चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में देश के प्रमुख शहरों में शामिल होगा। बिरला मंगलवार को दादाबाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी अस्पताल की पहचान केवल इमारतों से नहीं होती, बल्कि वहां कार्यरत चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ और कर्मचारियों की सेवा-भावना से होती है। दादाबाड़ी स्वास्थ्य केंद्र ने अपने समर्पण और निष्ठा से लोगों का विश्वास जीता है और आज यह शहर का आदर्श स्वास्थ्य केंद्र बन चुका है। उन्होंने विधायक संदीप शर्मा का के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके विशेष प्रयासों से यह केन्द्र आदर्श स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित हुआ है।

500 करोड़ से अधिक के होंगे काम:- लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में कोटा में 500 करोड़ रुपये से अधिक की स्वास्थ्य परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इसमें दोनों बड़े अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कैंसर यूनिट, लिवर ट्रांसप्लांट यूनिट, कार्डियो और स्पाईनल सर्जरी यूनिट के साथ नया शिशु चिकित्सालय भी बनाया जा रहा है। 195 करोड़ की लागत से बनने वाली कैंसर यूनिट में सभी उपचार एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। मेडिकल कॉलेज में लिवर रोगों की जांच हेतु फाईब्रो मशीन स्थापित होगी और बीएसएल-3 लैब से अब किसी भी वायरस की जांच कोटा में ही संभव होगी।

प्राथमिक सेवाओं का होगा विस्तार:- बिरला ने कहा कि कोटा शहर के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाएंगे। चार से छह वार्ड मिलाकर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विकसित होगा, जिससे छोटी-बड़ी बीमारियों का उपचार स्थानीयस्तर पर ही संभव हो सकेगा और मरीजों को प्रारंभिक इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए मोबाईल हेल्थ बस चलाई जाएगी, जिससे जांच और उपचार गांव-ढाणी तक उपलब्ध हो सकेगा।

कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दादाबाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक का लोकार्पण समारोहपूर्वक किया है।

■ दादाबाड़ी सीएचसी में नवीन ओपीडी ब्लॉक का लोकार्पण किया

एयरपोर्ट से खुलेंगे संभावनाओं के नए द्वार:- बिरला ने कहा कि कोटा शिक्षा के क्षेत्र में पहले से ही अग्रणी है। एयरपोर्ट बनने के बाद यहां संभावनाएं और अधिक बढ़ेंगी। आने वाले समय में स्किल सेंटर की स्थापना से कोटा आईटी का भी बड़ा केन्द्र बनेगा। पर्यटन के क्षेत्र में मुकुंदरा व रामगढ़ अभयारण्य, चंबल रिवरफ्रंट, मथुराधीश मंदिर और जंगल-जल सफारी के माध्यम से कोटा को धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बनाया जाएगा। इन सभी प्रयासों से कोटा-बून्दी और हाड़ौती में युवाओं को शिक्षा, रोजगार व पर्यटन में असीम अवसर प्राप्त होंगे।

संवेदनशीलता के साथ कर रहे काम:- विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि चिकित्सा सेवा महत्वपूर्ण हैं, स्पीकर बिरला के मार्गदर्शन में हम संवेदनशीलता के साथ प्रयास किए हैं ताकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बना सकें। दादाबाड़ी में विधायक कोष से 1.51 करोड़ रुपए की लागत से वातानुकूलित ओपीडी ब्लॉक का निर्माण किया गया है।

इसमें आठ डॉक्टरों के लिए ओपीडी कक्ष, डेन्टल ओपीडी, ईसीजी, एक्स-रे, ड्रेसिंग कक्ष, प्रयोगशाला, पंजीकरण काउंटर और प्रतीक्षालय के साथ प्रथम तल पर इनडोर वार्ड की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में महापौर राजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व उपमहापौर योगेन्द्र खींची, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक एमपी सिंह, सीएमएचओ नरेन्द्र नागर, सीएचसी प्रभारी राजेश खण्डेलवाल, डॉ.मीनू बिरला, मंडल अध्यक्ष विनय आजाद आदि मौजूद रहे।

रेडियोलॉजिकल आपात की तैयारियां परखने के लिए होगा ऑफ साईट मॉक अभ्यास

कोटा, (निसं)। परमाणु बिजली घरों में किसी भी तरह के रेडिएशन से जुड़ी आपदा आने पर इससे निपटने के लिए प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े संस्थानों की क्या तैयारी है, इसकी जांच के लिए 29 अगस्त को चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा उपखंड के 16 गांवों, कोटा जिले के 3 गांवों, बूंदी की तालेड़ा तहसील के एक गांव, मंदसौर (एमपी) एवं नीमच (एमपी) के एक-एक गांव में रेडियोलॉजिकल आपात के संबंध में ऑफ साईट मॉक ड्रिल आयोजित होगी। इसके तहत 5 जिलों के कुल 21 गांवों में वार्निंग एवं एडवाईज, शेल्टर उपलब्ध कराना, फूड कंट्रोल, आयोडिन टेबलेट वितरण, डी-कंटेमिटेशन जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी जबकि रावतभाटा उपखंड के थमलाव गांव में संक्रमण से बचाव के लिए गांव खाली करवाने का भी मॉक अभ्यास होगा। मॉक ड्रिल से पहले 28 अगस्त को रावतभाटा स्थित न्यू कम्यूनिटी सेंटर में टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा।

मॉक ड्रिल की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के वीसी रूम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा नियुक्त मेजर जनरल ए.के. वर्मा (सेवानिवृत्त वरिष्ठ सलाहकार) ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा परमाणु बिजली घरों में किसी तरह की रेडियोलॉजी या रेडिएशन की घटना होने की स्थिति में तैयारियों का पूर्वाभ्यास कर यह देखा जाएगा कि प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े विभाग कितने तैयार हैं एवं रेडिएशन की स्थिति में कैसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएं।

वीसी के दौरान कोटा जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि मॉक ड्रिल से पहले संबंधित गांवों में लोगों में जागरुकता पैदा की जाए और उन्हें बताया जाए कि यह सिर्फ एक मॉक ड्रिल है। इससे किसी तरह से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।

ऑफ साईट मॉक ड्रिल के तहत 29 अगस्त को जिन गांवों में मॉक अभ्यास होना है वहां ग्रामस्तरीय समिति गांवों में जाकर आपदा की चेतावनी देगी। साथ ही पुलिस भीड़ नियंत्रण करेगी और लोगों को अपने घर के अंदर की रहने की सलाह देगी। इस दौरान कच्चे घरों एवं झोंपड़ी में रहने वाले लोगों को पक्के घरों में शरण लेने एवं मुंह पर गीला कपड़ा लगाने की सलाह दी जाएगी। रेडिएशन से बचाव के लिए मेडिकल टीम आयोडिन टेबलेट की जगह प्रतिकात्मक रूप से चॉकलेट वितरण करेगी। उल्लेखनीय है कि आयोडिन टेबलेट से परमाणु रेडिएशन का प्रभाव काफी कम हो जाता है। सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र में ही आयोडिन टेबलेट दी जाती है। प्रभावित लोगों पर विकिरण प्रभाव की जांच का अभ्यास भी किया जाएगा।

इन गांवों में होगी मॉक ड्रिल:- चित्तौड़गढ़ जिला के बाडोलिया, नागणी, जावराखुर्द, जावराकलां, थमलाव, जालमपुरा, खाजुपूरा, बडोदिया, धारड़ी, धावदखुर्द, बरखेड़ा, लसाना, रतनपुरा, मण्डेसरा, कोलपुरा एवं जालखेड़ा में मॉक ड्रिल होगी।

बूंदी जिला के तालेड़ा तहसील का धनेश्वर गांव एवं मंदसौर (मध्य प्रदेश) के गांधीसागर हाईडल कॉलोनी और नीमच (मध्य प्रदेश)-पारिछा गांव में संबंधित गांवों में मॉक अभ्यास की चेतावनी एवं सलाह देने के लिए गठित ग्रामस्तरीय समिति में पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, शिक्षक एवं सरपंच शामिल होंगे। मॉक ड्रिल की तैयारियों पर चर्चा के लिए आयोजित वीसी में चित्तौड़गढ़ कलक्टर आलोक रंजन, मध्यप्रदेश के पुलिस अधिकारी, एसडीआरएफ के अधिकारी, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कोटा ममता तिवाड़ी, एडीएम रावतभाटा एवं इंसीडेंट कमाण्डर विनोद कुमार मल्हौत्रा, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, एसडीएम लाड़पुरा गजेन्द्र सिंह, सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए एवं तैयारियों की जानकारी ली।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम अशफाक अंसारी से बदलकर नया नाम मोहम्मद अशफाक रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मोहम्मद अशफाक पुत्र मोहम्मद हनीफ 34 आदर्श नगर बंजारा कालोनी गुमानपुरा कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम FARHEEN SIDDIKI से बदलकर नया नाम FARHIN SIDDIQUI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-फरहीन सिद्दकी पुत्री मोहद रउफ सिद्दीक मकान नं. 13 कृष्णा नगर रेलवे गोदाम रोड नियर सुन्दर नगर कोटा

सार-समाचार

अरिता श्रीवास्तव ने 4 पदक जीते

कोटा, (निसं)। कोटा की अरिता श्रीवास्तव ने मिस रनवे मॉडल कैटेगरी में स्वर्ण पदक और तीन अन्य कैटेगरी में पदक जीतकर कोटा का नाम रोशन किया। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कमेटी नैचुरल बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस प्रतियोगिता में कोटा की प्रसिद्ध फिटनेस कोच और प्रशिक्षित जिम ट्रेनर अरिता श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। अरिता श्रीवास्तव ने मिस रनवे मॉडल कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही तीन अन्य कैटेगरी में भी पदक हासिल किए। यह उपलब्धि उनके अनुशासन, कड़ी मेहनत और फिटनेस के प्रति जुनून का प्रमाण है। पहले भी कई राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी अरिता को कोटा में फिटनेस आईकन ऑफ कोटा के नाम से जाना जाता है। उनकी यह उपलब्धि न केवल शहर बल्कि देशभर की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

भगवान गणेश जन्मोत्सव आज

छबड़ा, (निसं)। प्रथम पूज्य भगवान गणेश का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी को लेकर घरों और मंदिरों में की जा रही तैयारियां को मंगलवार को अंतिम रूप दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश कला मंडल द्वारा बाहरी दरवाजा स्थित सिद्धी विनायक मंदिर परिसर में झांकी सजाई जाएगी। दस दिनों तक विभिन्न स्वरूपों में झांकी सजाई जाएगी। अनन्त चतुर्दशी पर शोभायात्रा के रूप में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। मण्डल द्वारा पिछले 29 वर्षा से झांकी सजाई जा रही हैं। बाजार में अलग-अलग डिजाइन की गणेश प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। उपलब्ध प्रतिमाओं में गद्दी पर विराजमान गणेश की प्रतिमा लोगों के आकर्षक का केंद्र बनी हुई है। वहीं मूषक पर सवार बप्पा, कमल पर विराजमान गणेश जी और गद्दी पर विराजमान गणेश की आकर्षक डिजाइन वाली मूर्तियां लोगों को काफी पसंद आ रही हैं। घरों में स्थापना के लिए श्रृद्धालुओं की पहली पसंद ईको फ्रेंडली गणेशजी है।

योजनाओं की जानकारी दी

छबड़ा, (निसं)। भूलोन पंचायत में स्वस्ति फाउंडेशन के तत्वाधान स्वजन व वॉटर संस्थान द्वारा योजना शिविर का आयोजन किया गया। संस्था कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इंडसइंड बैंक के सहयोग से चल रहे एकीकृत सहायता डैक्स के माध्यम से पात्रता तक पहुंच को सुगम बनाकर आजीविका संवर्धन प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित लोगों को अधिक से अधिक राहत मिलें, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि नुकसान के सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही और चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिरला ने कहा कि मैंने स्वयं प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात देखे हैं, कई परिवारों का सबकुछ बह गया है। ऐसे में प्रभावितों तक त्वरित और संवेदनशीलता के साथ राहत पहुंचाना आवश्यक है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोटा-बूंदी जिले के अधिकारियों के साथ राहत और आपदा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करते हुए बिरला ने कहा कि मकानों, पशुओं और फसलों के नुकसान का सर्वे पूरी ईमानदारी से हो और सभी पात्र प्रभावितों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार सहायता दी जाए।

उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहायता राशि के आवेदन के समय प्रभावितों से मकान का पट्टा नहीं मांगा जाएं, क्योंकि नॉर्म्स में इसका कोई प्रावधान नहीं है। बिरला ने कहा प्रयास किए जाएं कि जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें अधिक से अधिक सहायता मिल सकें। बर्तन और कपड़ों की क्षति के लिए भी मुआवजा दिलाने का प्रयास हो।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि कई स्थानों पर पानी की निकासी बंद होने से गांव और बस्तियों में जलभराव हो गया। इसके कारणों का अध्ययन कर स्थायी समाधान सुझाने के लिए उपखंड स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में सीएडी, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी और पंचायती राज विभाग की कमेटी गठित की जाएं। शहरी क्षेत्रों में भी नगर निगम स्तर पर कमेटी बनाकर पानी की निकासी के लिए वैकल्पिक उपाय तय किए जाए। बिरला ने कहा कि जलभराव के बाद जिन गांवों में मलबा जमा हुआ है वहां मनरेगा के तहत सफाई करवाई जाएं। प्रभावित परिवारों की सूची बने ताकि उन्हें जनसहयोग से भी सहायता उपलब्ध करवाई जा सकें।

■ संवेदनशीलता के साथ प्रयास कर अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाएं राहत : बिरला

किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा:- कृषि विभाग ने बताया कि अतिवृष्टि से सोयाबीन और उड़द की फसल को भारी नुकसान हुआ है। बिरला ने निर्देश दिए कि लघु और सीमांत किसानों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के तहत अधिक से अधिक मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तत्काल शुरू की जाए, ड्रेनेज सिस्टम चेक किया जाए और बिजली-पानी की व्यवस्था बहाल की जाए। बैठक में लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता, जिला कलक्टर पीयूष समारिया, बूंदी कलक्टर अक्षय गोदारा, अतिरिक्त आयुक्त, एडीएम और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवन दाता द्वारा एसडीपी के लिए निरंतर किए जाए रहे सेवा कार्यों से लोगों को बड़ी राहत मिल रही है और इसी के चलते कई लोगों के जीवन को बचाया भी जा रहा है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि सुषमा बाई की प्लेटलेट कम होने पर उन्हें ए पॉजिटिव एसडीपी चढ़ाई जानी थी, परिजन परेशान हो रहे थे, ऐसे में गायत्री परिवार से जुड़े हुए प्रज्ञेश यादव को फोन किया तो वह अपना सीसीटीवी के कार्य में व्यस्त थे, लेकिन किसी के जीवन को बचाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है और उसी को समझते हुए वह सीधा अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 30वीं बार एसडीपी डोनेट की है, इससे पूर्व वह 17 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। प्रज्ञेश यादव का कहना है कि सेवा कभी निष्फल नहीं हो सकती, सेवा का हमेशा प्रतिफल मिलता है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो की अध्यक्ष डॉ.क्षिप्रा गुप्ता व सचिव सिद्धार्थ गुप्ता का कहना है कि ऐसे रक्तवीर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन जाते है और नवीन पीढ़ी को सत्मार्ग पर चलने की दिशा भी प्रशस्त करते हैं।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1406 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 26.8.25

आवास संख्या 1-फ-22 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीप्रकाश सारस्वत पुत्र श्री बी.पी. सारस्वत को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीप्रकाश सारस्वत पुत्र श्री बी.पी. सारस्वत द्वारा दिनांक 26.03.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीप्रकाश सारस्वत पुत्र श्री बी.पी. सारस्वत की मृत्यु दिनांक 18.01.2024 को हो चुकी है। श्रीप्रकाश सारस्वत पुत्र श्री बी.पी. सारस्वत द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 06.01.2022 को अपनी पत्नी श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी स्व.०श्रीप्रकाश सारस्वत के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी स्व.० श्रीप्रकाश सारस्वत द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, घोषणा पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर अपने नाम करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी स्व.०श्रीप्रकाश सारस्वत के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी स्व. श्रीप्रकाश सारस्वत के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी स्व.० श्रीप्रकाश सारस्वत के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय उप वन संरक्षक, झालावाड़

Tele Fax No.-07432-232230 Email Id-defjhalawar1967@gmail.com

क्रमांकः एफ( )स्टोर/उवसं/2025-26/9490 दिनांकः-21.08.2025

सीमित निविदा सूचना संख्या-20/2025-26

वन मंडल झालावाड़ अधीन रेंज झालावाड़ में स्थित लव-कुश वाटिका झालरापाटन में लॉन निर्माण कार्य हेतु Bids are invited from interested bidders From 21-08-2025 Upto 28-08-2025 (Time 6:00 PM) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is 199730/- Rs.

UBN FOR2526WSLB01458

NIB FOR 2526A1155

(सागर पवार IFS)
उप वन संरक्षक
झालावाड़

भवानीमंडी में तस्करों के खिलाफ कार्यवाही

भवानीमंडी, (निसं)। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के आदेशानुसार उपखण्ड क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ शुरू हुई है जिसमें अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ पुलिस थाना भवानीमंडी ने कार्यवाही करते हुए दो हिस्ट्रीशिटर सहित तीन अभियुक्तों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ घातक नशीला एमडीएमए पाउडर जप्त कर गिरफ्तार कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

अमित कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान जयपुर द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ऐरिया डोमिनेशन अभियान के तहत चिरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी निकटतम सुपरविजन में रमेशचंद पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में पचपहाड अस्पताल के सामने से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए 3 अभियुक्तगणों को गिरफतार करते हुये अभियुक्तों के कब्जे से 11 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए पाउडर (मैथीलीन डाईऑक्सी मैथेम्फेटामाईन) जप्त किया जाकर तस्करी में प्रयुक्त वाहन एक बिना नंबरी मोटरसाईकिल बजाज प्लसर को जप्त किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने एमडीएमए पाउडर रहीस उर्फ राजू पुत्र कल्ला जाति मुसलमान निवासी झीरी मोहल्ला पिडावा से खरीद करना बताया है।

रमेशचंद मीणा थानाधिकारी भवानीमंडी ने बताया कि लखन सिंह, उर्फ त्रिलोक सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह, जाकिर पुत्र ताज मोहम्मद, मुस्तकीम खान पुत्र शौकत खान को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है।

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/1604 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांकः-22.8.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री दीपक शर्मा पिता श्री रामनिवास शर्मा निवासी रावतभाटा ने इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजों की स्वः प्रमाणित छायाप्रतियों को ऑनलाईन अपलोड कर नगर पालिका रावतभाटा की बालाजी नगर आवासीय योजना के भूखण्ड संख्या 105 श्रेणी (MIG-B) साईज 9x19.5 क्षेत्रफल 175.5 वर्गमीटर अर्थात् 1888.38 वर्गफीट का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु निवेदन किया हैं।

प्रस्तुत/ऑनलाईन अपलोड दस्तावेज एवं पालिका पत्रावली अनुसार यह भूखण्ड पालिका द्वारा नीलामी दिनांक 26.05.2005 अर्न्तगत श्री अरविन्द कुमार पिता श्री मोहनलाल टॉक एवं श्रीमती विजय लक्ष्मी टॉक पत्नी श्री अरविन्द कुमार टॉक निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त 10 वर्ष की लीज राशि जमा होने के उपरांत क्रेता के पक्ष में लीज डीड क्रमांक 147 दिनांक 29.09.2005 व पंजीयन दिनांक 28.01.2006 को करवाया गया तथा इसके उपरान्त क्रेता ने पालिका से विक्रय अनुमति पत्र प्राप्त कर उक्त खाली भूखण्ड को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.05.2018 से श्री नेमीचन्द जैन पिता श्री हीरालालजी जैन निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया। जिसका नामान्तरण पालिका रिकोर्ड दर्ज किये जाने की कार्यवाही अन्तर्गत ही श्री नेमीचन्द जैन ने उक्त भूखण्ड को श्रीमती लक्ष्मी भाटिया पुत्री श्री रमेशचन्द्र व पत्नी धर्मेन्द्रसिंह निवासी रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2021 से विक्रय किया गया है तथा श्रीमती लक्ष्मी भाटिया ने बिना में बिना नामान्तरण दर्ज करवाये उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.02.2024 से आवेदक श्री दीपक शर्मा पिता श्री रामनिवास शर्मा निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया। जिसके आधार पर आवेदक के नाम भूखण्ड का नामान्तरण/हस्तान्तरण नियमानुसार दर्ज किया जाना प्रस्तावित हैं।

अतः उक्त भूखण्ड का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में आवेदक के नाम दर्ज करने पर किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो, तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति / उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

केंद्र व राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर सड़कों पर उतरेगा कांग्रेस कार्यकर्ता

कोटा, (निसं)। प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल है, आम आदमी को प्रताड़ना मिल रही हैं, कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं बची है, आम आदमी न्याय की उम्मीद किससे करें, यह बात कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कही।

वोट चोरी, चौपट हो रही कानून व्यवस्था, अतिवृष्टि से हुई तबाही के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर प्रहलाद गुंजल ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर आमजन की आवाज बनकर 10 सितंबर को कांग्रेस का कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेगा। उन्होंने कहा कि आज हालात यह है कि फरियादी भी थानों में जाने से घबराता है पुलिस नाम की चीज कोटा में नहीं बची है। कोटा पुलिस एक अदने से अधिकारी के आगे नतमस्तक है। परंतु कांग्रेस का कार्यकर्ता अब इसे सहन नहीं करेगा और आमजन की आवाज बनकर सड़कों पर उतरेगा। शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि वोट चोरी की शुरुआत कोटा से हुई है वोट चोरी का मास्टरमाइंड कोटा में बैठा हैं। उन्होंने कहा प्रदेश की कानून व्यवस्था, वोट चोरी सहित सरकार की विफलताओं को लेकर जनता में आक्रोश है आज प्रदेश ही नहीं पूरा देश कांग्रेस की ओर देख रहा है।

प्रहलाद गुंजल ने कहा कि कोटा जिले सहित पूरा हाड़ौती संभाग बाढ़ की चपेट में आया हुआ हैं। गांव के गांव तबाह हो चुके हैं सरकार सिर्फ हवाई दौरे कर रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अतिवृष्टि से तबाही पर निर्धारित तय मापदंडों के अनुसार मुआवजा देने से काम नहीं चलेगा लोगों के घरबार तबाह हो गए हैं गरीब आदमी रोड पर आ चुका हैं। सरकार को अतिवृष्टि से हुई तबाही पर स्पेशल पैकेज के बारे में सोचना होगा व गरीब व्यक्ति को हुए नुकसान की पूरी भरपाई करनी होगी।

वोट चोरी की शुरुआत कोटा से:- शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि देश में मोदी व शाह को वोट चोरी की सलाह देने वाले नेता हमारे कोटा में ही बैठे हैं। उन्होंने अपने सभी चुनाव में भारी वोट चोरी की है। त्यागी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कोटा के सांसद ओम बिरला के मकान में 500 से अधिक वोटरों के नाम दर्ज थे। जिसकी सूची भी मेरे पास उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी की सलाह हमारे सांसद ने ही मोदी शाह को दी है। जिसका प्रयोग को आज वह पूरे देश में कर रहे हैं।

राहुल गांधी वोट चोरी पर चलाए जा रहे अभियान पर केंद्र सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। साथ ही राजस्थान सरकार की विफलताओं, कानून व्यवस्था, बारिश से हुई अतिवृष्टि को लेकर सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया। कार्यकर्ता बैठक को देहात कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व विधायक पूनम गोयल, पीसीसी महासचिव अनूप ठाकुर, पीसीसी महासचिव अमीन पठान, विधायक प्रत्याशी महेंद्र सिंह राजोरिया, पूर्व देहात अध्यक्ष सरोज मीणा, पीसीसी सचिव शिवराज गुंजल, पीसीसी सचिव मंजूर तंवर, पीसीसी सदस्य क्रान्ति तिवारी, हरपाल सिंह राणा, विपिन बरथूनिया आदि ने संबोधित किया संचालन सं महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित पार्षद इशरार मोहम्मद ने किया। बैठक मे कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण, ब्लॉक अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण कोटा उत्तर-दक्षिण के पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाग लिया।

कोटा शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की राज्य व केंद्र सरकार की विफलताओं एवं वोटों की चोरी और अन्य मुद्दों को लेकर बैठक सम्पन्न हुई है।

■ 10 सितंबर को कोटा में होगा कांग्रेस का प्रदर्शन

■ चारों तरफ अराजकता का माहौल, आम आदमी को मिल रही प्रताड़ना : गुंजल

■ सरकार की नींद उड़ा देगा कांग्रेस का कार्यकर्ता : त्यागी

कूपन विवाद को लेकर दुकानदार से मारपीट की

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी थाना इलाके में कुछ लोगों द्वारा कलर पेंट के बकेट में निकलने वाले ईनामी कूपन को लेकर हुए विवाद के चलते हार्डवेयर दुकानदार से मारपीट करने व दुकान में तोड़-फोड़ करने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मारपीट व तोड़-फोड़ की शिकायत दादाबाड़ी थाने में दर्